कार्यालय मुख्य प्रबंधक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, टोंक आगार।

क्रमांकः–मु0प्र0 / टोंक / लेखा / 2024 / 6119 दिनांक 10/12/24

निविदा सूचना

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम टोंक आगार के केन्द्रिय बस स्टैण्ड एवं आगार कार्यालय एवं कार्यशाला टोंक पर होर्डिंग्स, पिल्लर बोड, साईन बोर्ड, ग्लोसाईन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन हेतु निम्नप्रकार एक वर्ष के लिए लाईसेन्सी / ठेकेदार नियुक्ति हेतु निविदा प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है।

क्र0स0	स्थल का नाम	होर्डिंग्स	पिल्लर बोर्ड	साईन बोर्ड	ग्लोसाईन बोर्ड
	साईज	20′X10′	4′X3′	6′X2′	6′X2
1.	केन्द्रिय बस स्टैण्ड टोंक आगार (संख्या)	15	10	05	05
2.	आगार कार्यशाला टोंक आगार (संख्या)	04	–	–	–

इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 20.12.2024 से मुख्य प्रबंधक कार्यालय में 200+18 प्रतिशत जीएसटी राशि जमा कराकर निविदा फार्म प्राप्त कर अपने प्रस्ताव दिनांक 26.12.2024 को 13.00 बजे तक बन्द लिफाफे में इस कार्यालय में प्रस्तुत कर निविदा में भाग ले सकते है । निविदा उसी दिन समय 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। उक्त निविदा को स्वीकार /निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

मुख्य प्रबंधक
टोंक आगार।

निविदा की शर्ते निम्न प्रकार रहेगी।

1- निविदा धरोहर राशि 25000/—रूपये निगम कोष मे जमा कराने होगें।

2—न्यूनतम लाईसेंस फीस 3,00000(तीन लाख रूपये) प्रति वर्ष होगी।

3—1 जनवरी 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक की अवधि के लिए लाईसेंस जारी होगा जो बाद में प्रति वर्ष 10 प्रतिशत चक्रवति राशि की बढोतरी के साथ आगे दो वर्ष तक बढाया जा सकेगा।

4 निविदा स्वीकृत होने के बाद स्वीकृत लाइसेंस राशि सात दिवस में निगम कोष में जमा करानी होगी।

5 निविदादाता को धरोहर राशि जमा कराने के साथ पहचान पत्र की छाया प्रति एवं मोबाईल नम्बर देना होगा। यदि निविदा दाता फर्म अपना प्रतिनिधि नियुक्त करना चाहे तो निविदा दिनांक से 3 दिन पुर्व 500रूपये के स्टाम्प पर ओथेरिटि लेटर मय प्रतिनिधी के फोटा के प्रमाणिकरण एवं पेन कार्ड प्रस्तुत करना होगा।

6—निविदा स्वीकृत होने पर एक मुश्त राशि जमा कराने के बाद निविदादाता को 500 रू के स्टाम्प पर इकरारनामा प्रस्तुत करना होगा इसके पश्चात निगम की अनुमति से कार्य शुरू करना होगा।

7—आम चुनाव,लोकसभा/विधानसभा के दोरान प्रचार प्रसार होर्डिग्स बेनर आदि पर निगम का पूर्ण नियंत्रण रहेगा।

8 निविदादाता/ फर्म अपनें लाईसेन्स को किसी दूसरे को हस्तान्तरित नही करेगा।

9 राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/न्यायालय/चुनाव आयोग या जिला प्रशासन द्वारा प्रदत्त आदेश अथवा प्राकृतिक आपदा के कारण से उक्त बोर्ड हटवाने या उतरवाये जाते है तो इस कार्यालय द्वारा ठेकेदार को किसी प्रकार की क्षतिप्रर्ति नही दी जायेगी।

10—यह कार्यालय राजकीय हित/निगम हित में उक्त ठेका समय पूर्व समाप्त कर सकता है। निविदादाता को इस हेतु अनुपातिक राशि लोटाई जावेंगी। इस सम्बन्ध में लाईसेन्सी कोई उज्रदारी नही कर सकेगा।

11—महिला अपशिष्ट रूपेण प्रतिषेध अधिनियम 1986 की पालना अनिवार्य रूप से करना होगा।

12—निगम मुख्यालय द्वारा समय—समय पर जारी समस्त आदेशो की शर्ते मान्य होगी।

उक्त शर्तो की पालना नही करने पर लाईसेन्स निरस्त किया जा सकेगा तथा उक्त सम्बन्ध में कोई विवाद होने की स्थिति में प्रथम अपीलीय अधिकारी श्रीमान कार्यकारी निदेशक (यातायात) महो0 एवं द्वितीय अपीलीय अधिकारी श्रीमान प्रबन्ध निदेशक महोदय राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम मुख्यालय जयपुर होगे।

मुख्य प्रबंधक

टोंक आगार।

(निविदा फार्म फीस 200रु+18 प्रतिशि जीएसटी)

निविदा फार्म

श्रीमान मुख्य प्रबंधक
राजस्थान परिवहन निगम
टोंक आगार।

विषयः– टोंक आगार कार्यशाला , केन्द्रिय बस स्टैण्ड पर होर्डिंग्स, पिल्लर बोड, साईन बोर्ड, ग्लोसाईन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रर्दशित करने हेतु निविदा आवेदन –पत्र ।

श्रीमान,

निवेदन है कि मै (व्यक्ति /संस्था का नाम) .... टोंक आगार कार्यशाला , केन्द्रिय बस स्टैण्ड पर होर्डिंग्स, पिल्लर बोड, साईन बोर्ड, ग्लोसाईन बोर्ड के माध्यम से एक वर्ष के लिए दर राशि ....रूपये पर विज्ञापन प्रर्दशित करना चाहता हूँ। मुझे निगम द्वारा जारी सभी शर्ते मान्य है।

नामः–
पिता का नामः–
उम्रः–
स्थाई पताः–
व्यवसायः–
जीएसटी नम्बर
मोबाईल नम्बर
(नोटः– व्यक्ति /संस्था द्वारा उपरोक्त से सम्बधित सभी दस्तावेज की प्रतिया संलग्न करनी होगी।)

निगम से जो भी निर्देश समय–समय जारी किये गये या होगें उन्हे मानने के लिये मै बाध्य हूँ। मेरा निविदा प्रस्ताव स्वीकृत किया जाता है तो अनुबन्ध पत्र भरने को तैयार हूँ।

संलग्नः–

भवदीय